R.N.I. No. UPHIN/2023/86842 वर्ष : 02 अंक : 152 | लखीमपुर–खीरी, रविवार 20 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ – 04 मूल्य – 01

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# संज्ञान दृष्टि

एक सम्पूर्ण अखबार

मोबाइल नं0–7080049049 | sangyandristinewspaper@gmail.com | website-Sangyannews.com | twitter-Sangyannews

लखीमपुर–खीरी, दिल्ली एनसीआर के साथ–साथ इंदौर, गौरखपुर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बहराइच, लखनऊ, अयोध्या, गया (बिहार)

## एक नज़र

**लखनऊ–** यूपी उपचुनाव में बीजेपी के चुनाव अधिकारी नियुक्त, महेंद्र नाथ पांडेय प्रदेश चुनाव अधिकारी बनाए गए, हरीश कुमार सिंह,अनिल चौधरी सहचुनाव अधिकारी, रंजना उपाध्याय,मुकुट बिहारी सहचुनाव अधिकारी, कमलेश कुमार,राजेंद्र तिवारी सहचुनाव अधिकारी।

**लखनऊ–** महाकुंभ में श्रद्धालुओं से पुलिस पूछेगी 'मे आई हेल्प यू', श्रद्धालुओं से विनम्र व्यवहार के लिए पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण, 3 सेशन में दिया जाएगा प्रशिक्षण,7 तरीके की इन डेप्थ ट्रेनिंग, पुलिसकर्मियों को कठिन परिस्थितियों में बनाया जाएगा समर्थ, पहले सेशन की 16 अक्टूबर से शुरू हो चुकी है ट्रेनिंग, नाविकों, गोताखोरों, ई रिक्शा और टैम्पो चालकों को भी प्रशिक्षण।

**वाराणसी–** पीएम मोदी विश्वनाथ धाम के पहल की करेंगे उद्घाटन, श्री काशी विश्वनाथ मंदिर भूखों को कराएगा भोजन, स्कूल, अस्पताल में काशी विश्वनाथ ट्रस्ट कराएगा भोजन, 20 अक्टूबर से लोगों को उपलब्ध होगा निःशुल्क भोजन, प्रतिदिन 3 हजार लोगों को उपलब्ध होगा निःशुल्क भोजन, 16 विद्यालय, अस्पताल में भोजन पहुंचाने का ट्रायल पूरा, पीएम काशी आने वाले लोगों, जरूरतमंदों को देंगे सौगात।

**आगरा–** पुलिस जांच के दौरान नकली डीएपी सप्लाई का भंडाफोड़, कानपुर और कोलकाता से बनकर आती थी नकली डीएपी, राहुल सिंघल नाम के अभियुक्त को पुलिस ने किया अरेस्ट, सप्लाई कारोबार में कई लोगों के शामिल होने की आशंका, पुलिस पूछताछ और जांच में कई नंबर, नाम आए सामने, कई जिलों में नकली डीएपी सप्लाई किए जाने की आशंका, 1 महीने पहले चेकिंग के दौरान पकड़ा था डीएपी से लदा ट्रक, जांच पड़ताल के बाद हुई मामले में बड़ी कार्रवाई, थाना किरावली, एसओजी की जॉइंट कार्रवाई।

**बांदा–** विवाहिता का संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव, कोर्ट की तारीख कर लौट रही विवाहिता का मिला शव, अपने ससुरालियों के खिलाफ विवाहिता ने किया था केस, परिजनों ने पति, अन्य ससुरालियों पर लगाया आरोप, हत्या कर शव बंधे में फेंके जाने का लगाया आरोप, पुलिस ने पति को किया गिरफ्तार अन्य की तलाश, विवाहिता का पति से तलाक का कोर्ट में चल रहा था केस, बबेरू कोतवाली क्षेत्र के आहार के पास बंधे का मामला।

**बहराइच–** बहराइच में आरोपी अब्दुल हमीद को च्ंक का नोटिस, बहराईच हिंसा मामले में मुख्य आरोपी है अब्दुल हमीद, अवैध निर्माण को लेकर पीडब्ल्यूडी ने नोटिस जारी किया है, आरोपी अब्दुल हमीद के वकील कलीम हाशमी का बयान, परेशान करने के लिए नोटिस भेजे जा रहे हैं वकील, आरोपी जेल में है,उसे नोटिस देना चाहिए था–वकील, वे चाहते हैं अवैध रूप से घर तोड़ो–वकील, अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दे रहे हैं वकील, जो व्यक्ति जेल में है,उसका घर लूटा जा रहा है वकील, वह अपने दस्तावेज कैसे जमा करेगा वकील, शीर्ष अदालत के आदेशों का पालन करना चाहिए–वकील, आरोपी को अपना पक्ष रखने का मौका देना चाहिए–वकील।

## कौन हैं विजया राहटकर? जिन्हें बनाया जा रहा राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष



नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग की नई अध्यक्ष विजया राहटकर को बनाया गया है। राहटकर एनसीडब्ल्यू की 9वीं अध्यक्ष होंगी। इससे पहले वो महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रही हैं। उनके सामाजिक कार्यों में उनके योगदान और नेतृत्व के लिए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। बता दें कि राष्ट्रीय महिला आयोग, एक संवैधानिक निकाय है, जो महिलाओं के अधिकारों को आगे बढ़ाने का काम करता है। इसमें महिलाओं के लिए संवैधानिक और कानूनी सुरक्षा उपायों की समीक्षा करना शामिल है।

**महिलाओं के लिए कई खास योजनाएं की शुरू–**विजया राहटकर ने कई राजनीतिक और सामाजिक कार्यों का नेतृत्व किया है। महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग (2016–2021) की अध्यक्ष के रूप में, उन्होंने एसिड अटैक पीड़ितों के लिए 'सक्षमा' स्वयं सहायता समूहों को केंद्र सरकार की योजनाओं से जोड़ने के लिए 'प्रज्वला' और महिलाओं के लिए 24•7 हेल्पलाइन सेवा 'सुहिता' जैसी पहलों का नेतृत्व किया। उन्होंने च्वैब्ह, तीन तलाक विरोधी यूनिट और मानव तस्करी विरोधी यूनिट जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कानूनी सुधारों पर भी काम किया। उन्होंने डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम शुरू किए और महिलाओं के मुद्दों को समर्पित 'साद' नामक एक पब्लिकेशन शुरू किया।

**इन पुरस्कार से सम्मानित–** राहटकर ने पुणे विश्वविद्यालय से फिजिक्स में ग्रेजुएशन और इतिहास में पोस्ट ग्रेजुएट की उपाधि हासिल की है। उन्होंने कई पुस्तकें लिखी हैं, जिनमें महिलाओं के कानूनी मुद्दों पर 'विधिलिखित' और 'औरंगाबादः लीडिंग टू वाइड रोड्स' शामिल हैं।

महिला सशक्तिकरण में उनके योगदान ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है, जिसमें राष्ट्रीय कानून पुरस्कार और एक राष्ट्रीय साहित्य परिषद से सावित्रीबाई फुले पुरस्कार शामिल हैं।

## यूपी उपचुनावः प्रभारी मंत्रियों से बोले सीएम योगी, जीतेंगे सभी सीटें, जरूरी है लोगों से संवाद और बूथ प्रबंधन

उ0प्र0। प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपमुख्यमंत्री, जिलों के प्रभारी मंत्री और भाजपा संगठन के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उपचुनाव को लेकर व्यापक विचार विमर्श हुआ और रणनीतियां तैयार की गईं। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी 9 सीटों पर उपचुनाव को जीतने के लिए मंत्रियों और पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां भी निर्धारित किया।

**हर सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा से जुटें–**बैठक के दौरान मंत्रियों और पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया गया। यह भी तय हुआ कि उपचुनाव में पार्टी का कोई भी नेता अपने निर्धारित क्षेत्र में जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में कोई कमी न छोड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपचुनाव जीतना केवल चुनावी सफलता नहीं बल्कि जनता के विश्वास की जीत होगी, इसलिए हर सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम किया जाना चाहिए।

**इन सीटों पर होना है उपचुनाव–** बता दें कि जिन 10 सीटों पर उपचुनाव होने हैं उसमें 5 सपा और 5 एनडीए गठबंधन के पास थी। बीजेपी के खाते में 3 सीट थी। एक आरएलडी के पास थी और एक निषाद पार्टी के पास थी। कटेहरी, करहल, सीसामऊ, कुंदरकी सीट सपा ने 2022 में जीती थी। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट भी सपा के खाते में थी। इसके अलावा फूलपुर, मझवां,गाजियाबाद सदर, खैर, मीरापुर सीट पर उपचुनाव होना है।

## प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा, कर्मयोग पर गोष्ठी व सड़क सुरक्षा की बैठक संपन्न

**कर्मयोग के ज्ञान से रख सकेंगे मानसिक नियंत्रण, सुनिश्चित हो सकेगी सड़क सुरक्षा व समग्र सुरक्षा–एल. वेंकटेश्वर लू**

**प्रमुख सचिव ने दिलाया सड़क सुरक्षा का संकल्प, बोले, यातायात के नियमों का कड़ाई से करे पालन**






**प्रांजल श्रीवास्तव**

**लखीमपुर खीरी (संज्ञान दृष्टि)।** शनिवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार प्रमुख सचिव परिवहन, अध्यक्ष उप्र राज्य परिवहन निगम और महानिदेशक उपाम, एसआईआरडी एल. वेंकटेश्वर लू जनपद खीरी पहुंचे, जहां सीडीओ अभिषेक कुमार ने पुष्प कुछ देकर उनका स्वागत किया।

इसके बाद प्रमुख सचिव ने जिला ग्राम्य विकास संस्थान भंसडिया में सड़क सुरक्षा और मिशन कर्मयोग विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी और जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में शिरकत की। बैठक एवं गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव (परिवहन) एल. वेंकटेश्वर लू ने सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम संजय सिंह, एएसपी नेपाल सिंह, आरटीओ संजय कुमार तिवारी, संदीप कुमार पंकज, राज्य ग्राम विकास संस्थान से सहायक निदेशक एसके सिंह व सलाहकार हेमेंद्र शर्मा संग दीप प्रज्ज्वलन कर गोष्ठी का शुभारम्भ किया।

मुख्य अतिथि एल. वेंकटेश्वर लू ने कर्मयोग, सड़क सुरक्षा पर विस्तार से बताते हुए इनके अंर्तसम्बंधों को भी बताया। सभी को प्रमाणिकता के साथ अपने कार्य को लगन और निष्ठा के साथ करना चाहिए। गीता में कर्मयोग के बारे में बताया गया है। कर्मयोग से व्यक्ति में वैचारिक शुद्धता, त्याग की भावना, राष्ट्रभक्ति एवं देशभक्ति विकसित होती है, जिससे व्यक्ति समाज सेवा से जुड़ता है। कर्मयोग से ही मानसिक नियंत्रण रख सकेंगे एवं सड़क सुरक्षा व समग्र सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। बच्चों को सही शिक्षा एवं संस्कार दिया जाना चाहिए। अधिकारी, कर्मचारी व सभी व्यक्तियों को अपने कर्म को ठीक ढंग से करना चाहिए। सही ज्ञान के साथ सही आचरण करने से सुख का मार्ग प्रशस्त होगा। संसार में अन्याय कर कोई भी सुखी नहीं हुआ है। सम्यक ज्ञान, कर्म, दृष्टि, सत्यनिष्ठा व श्रद्धा के साथ जीवन मे आगे बढ़े।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के मन, वचन, कर्म एवं वाणी में एकाकार होना चाहिए। शास्त्रों में सटीक जीवन के बारे में बताया गया है। शास्त्रों का अध्ययन करना चाहिए एवं उसके अनुसार अपना आचरण करने का प्रयास करना चाहिए। सड़क सुरक्षा के बारे में कहा कि यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। जो भी कार्य करें, सावधानी के साथ करें। शराब का सेवन करके वाहन नहीं चलाना चाहिए।

**मन पर नियंत्रण न होना ही दुर्घटनाओं का मुख्य कारण : रामकृष्ण गोस्वामी–**मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान दिल्ली के अध्यक्ष रामकृष्ण गोस्वामी ने कहा कि मन पर नियंत्रण न होना ही दुर्घटनाओं का मुख्य कारण है। उन्होंने गीता शिक्षा पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि गीता शासन, प्रशासन व अनुशासन का केन्द्र बिंदु है एवं न्याय धर्म की आत्मा है। उन्होंने कहा कि गीता के कर्मयोग का ज्ञान सबको होना चाहिए।

**यातायात नियमों के पालन से बचा सकते है जिदगियां : सीडीओ–**सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि सड़क पर जाने से पहले अपने और अपने परिवार की चिंता अवश्य करनी चाहिए। महिलाए पुरुषों को हेलमेट पहनने के लिए कहें। हेलमेट लेने के साथ–साथ उसे पहनने का संकल्प लें। यातायात नियमों का पालन कर हादसों पर अंकुश लगाने में सहयोग करे। ओवरस्पीडिंग का कोई लाभ तो नही मिलता बल्कि खतरा जरूर बढ़ जाता है। हेलमेट को अपनी आदत व दिनचर्या में शामिल करे।

**घायल को अस्पताल पहुंचाना नैतिक दायित्व : एडीएम–**एडीएम संजय सिंह ने गुड सेमेरिटन की भूमिका को रेखांकित किया। घायल व्यक्ति को जितनी जल्दी अस्पताल ले जाएंगे, उसके बचने की संभावना भी उतनी ही बढ़ जाती है। इसलिए घायल व्यक्ति को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंच कर जिम्मेदार नागरिक की भूमिका अदा करें। हेलमेट, सीटबेल्ट लगाने पर जोर देते हुए सड़क सुरक्षा नियमों का शत प्रतिशत अनुपालन करने की बात कही।

कार्यक्रम की शुरुआत में एआरटीओ अखिलेश द्विवेदी ने कार्यक्रम की आवश्यकता, प्रासंगिकता बताई। वही कार्यक्रम के अंत में जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ मनीष चंद्रा ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन जनार्दन बाबू मिश्र ने किया। कार्यक्रम में पीडी एसएन चौरसिया, एसडीएम सदर अश्विनी सिंह, ईई पीडब्लूडी अनिल कुमार यादव, डीसीओ वेदप्रकाश, पीटीओ कौशलेंद्र यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## दिवाली पर योगी सरकार का तोहफा, उज्ज्वला लाभार्थियों को निशुल्क मिलेगा गैस सिलिंडर



उ0प्र0। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए खुशखबर है। बीते वर्ष की तरह इस बार भी दिवाली पर प्रदेश सरकार की ओर से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत पंजीकृत लाभार्थियों के गैस सिलिंडर मुफ्त भरने का शासनादेश जारी किया गया है।

हालांकि, लाभार्थियों को पहले भुगतान करना होगा। बाद में बैंक खाते में रुपये भेजे जाएंगे। बरेली के जिला पूर्ति अधिकारी नीरज सिंह के मुताबिक प्रथम चरण में अक्तूबर से दिसंबर तक और दूसरे चरण में जनवरी से मार्च तक दो बार निशुल्क रिफिलिंग होगी। जिले में करीब चार लाख से ज्यादा उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन हैं। उन्होंने बताया कि जिन लाभार्थियों ने अभी तक अपने बैंक खाता को आधार कार्ड से लिंक नहीं कराया है, वे तत्काल संबंधित डीलर के पास पहुंचकर सत्यापन करा लें ताकि कोई दिक्कत न हो। बता दें कि होली के मौके पर भी प्रदेश सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों को मुफ्त सिलिंडर प्रदान किए थे।

## 'आदिवासी इस देश के पहले मालिक हैं', श्रींतींदक में बोले राहुल संविधान पर हो रहा हमला, इसकी रक्षा करने की जरूरत

झारखंड। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज




झारखंड में हैं। राहुल गांधी ने संविधान सम्मान सम्मेलन' को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि जब भाजपा के लोग आदिवासियों को वनवासी कहते हैं तो वे क्या करना चाह रहे हैं? वे आपके जीवन जीने के तरीके, इतिहास और विज्ञान को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसका आप हजारों वर्षों से पालन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी का अर्थ है जो पहले मालिक थे, जबकि वनवासी का अर्थ है जो जंगल में रहते हैं। राहुल ने कहा कि जब इस शब्द का प्रयोग किया जाता है तो यह सिर्फ एक शब्द नहीं होता।

यह आपका पूरा इतिहास है। मैंने भारत की शिक्षा व्यवस्था में अध्ययन किया है। आदिवासियों के बारे में आपको केवल 10–15 पंक्तियाँ ही मिलेंगी। उनका इतिहास क्या है, उनका जीवन जीने का तरीका क्या है... उसके बारे में कुछ नहीं लिखा गया है। उन्होंने कहा कि आपके लिए ओबीसी शब्द का इस्तेमाल किया गया था। क्या यह आपका नाम है?. ..किसने कहा कि आप पिछड़े हैं?... आपको आपका अधिकार नहीं दिया गया...इस देश को बनाने वाले किसानों, मजदूरों, बढ़ई, नाई, मोची का इतिहास कहां है? राहुल ने साफ तौर पर कहा कि आज संविधान के सम्मान के साथ ही उसकी रक्षा भी करनी है। राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा आदिवासियों की विरासत, इतिहास, परंपरा, चिकित्सा पद्धतियों को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने बार–बार जोर दिया कि संविधान पर हर तरफ से हमला हो रहा है, इसकी रक्षा की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमारी शिक्षा प्रणाली हमें मूल निवासियों के बारे में सिखाने में विफल रहीय आदिवासियों, किसानों, ओबीसी का इतिहास नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि नौकरशाही में शीर्ष 90 आईएएस अधिकारियों में केवल तीन ओबीसी हैंय वित्त मंत्रालय में कोई दलित, आदिवासी नहीं।

## मतदान केन्द्रों/मतदेय स्थलों के सम्भाजन प्रस्ताव अनुमोदित

### संभाजन के बाद 02 मतदान केंद्र व 13 मतदेय स्थल बढ़े

| क0 सं0 | विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या व नाम | सम्भाजन से पूर्व की स्थिति | | सम्भाजन के उपरान्त स्थिति | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मतदान केन्द्रों की संख्या | मतदेय स्थलों की संख्या | मतदान केन्द्रों की संख्या | मतदेय स्थलों की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 137–पलिया | 193 | 350 | 195 | 358 |
| 2 | 138–निघासन | 173 | 359 | 173 | 362 |
| 3 | 139–गोला गोकरननाथ | 222 | 411 | 222 | 411 |
| 4 | 140–श्रीनगर (अ0जा0) | 198 | 342 | 198 | 342 |
| 5 | 141–धौरहरा | 222 | 361 | 223 | 361 |
| 6 | 142–लखीमपुर | 188 | 386 | 187 | 386 |
| 7 | 143–कस्ता (अ0जा0) | 216 | 339 | 216 | 339 |
| 8 | 144–मोहम्मदी | 226 | 342 | 226 | 344 |
| | कुल | **1638** | **2890** | **1640** | **2903** |

**प्रांजल श्रीवास्तव**

**लखीमपुर खीरी (संज्ञान दृष्टि)।** उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्एडीएम संजय कुमार सिंह ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि मतदेय स्थलों के सम्भाजन कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदेय स्थलों की आलेख्य प्रकाशित सूची के साथ सम्भाजन से सम्बन्धित संशोधन प्रस्तावों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र लखनऊ और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद–खीरी की सम्बन्धित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के अन्तर्गत मतदान केन्द्रोंध्मतदेय स्थलों के सम्भाजन प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान कर दिया है। अनुमोदन के पश्चात् मतदेय स्थलों की सूची का अन्तिम प्रकाशन कराने के उपरान्त जनपद के 08 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रो की स्थिति इस प्रकार है कि 137– पलिया विधानसभा में पहले मतदेय स्थलों की संख्या 350 व मतदान केंद्रों की संख्या 193 थी। अब यह क्रमशः 358 व 195 हो गई। 138 निघासन विधानसभा में पहले मतदेय स्थलों की संख्या 359 व मतदान केंद्रों की संख्या 173 थी। अब यह क्रमशः 362 व 173 पर पहुंच गई है। यहां मतदेय स्थल 03 बढ़ गए हैं जबकि मतदान केंद्र की संख्या वही है।

141 धौरहरा विधानसभा में पहले मतदेय स्थलों की संख्या 361 व मतदान केंद्रों की संख्या 222 थी। अब यह क्रमशः 361 व 223 पर पहुंच गई है। यहां मतदेय स्थल की संख्या वही है। जबकि मतदान केंद्र की संख्या एक बढ़ गई है। 142 लखीमपुर विधानसभा में पहले मतदेय स्थलों की संख्या 386 व मतदान केंद्रों की संख्या 188 थी। अब यह क्रमशः 386 व 187 पर पहुंच गई है। यहां मतदेय स्थल की संख्या वही है। जबकि मतदान केंद्र की संख्या एक घट गई है। 144 मोहम्मदी विधानसभा में पहले मतदेय स्थलों की संख्या 342 व मतदान केंद्रों की संख्या 226 थी। अब यह क्रमशः 344 व 226 हो गई है। वही 139 गोला, 140 श्रीनगर, 143 कस्ता विधानसभा में मतदाता स्थलों एवं मतदान केंद्रों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

# सम्पादकीय

## मुंबई में लौट आया है संगठित अपराधों का दौर?

एक समय था जब मुंबई में दिन–दहाड़े गोलीबारी होती थी, गैंगस्टर खुले आम घूमते थे और शहर की सड़कों पर अपने दुश्मनों को अपनी मर्जी से उड़ा देते थे। दशहरे की रात (12 अक्टूबर) को बांद्रा के टोनी उपनगर में महाराष्ट्र के विवादास्पद पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद लगता है कि कुछ ऐसा ही माहौल वापस आ गया है। सिद्दीकी बॉलीवुड सितारों के साथ अपने घनिष्ठ संबंधों के लिए मशहूर थे। 66 वर्षीय सिद्दीकी को कार में आए हत्यारों ने गोली मारी। हत्यारों के मुंह रूमालों से ढंके हुए थे। अपने लक्ष्य पर करीब से गोली चलाने के बाद वे भाग निकले। पुलिस ने इस वारदात को कॉन्ट्रैक्ट किलर की करतूत बताया है। संगठित अपराध शैली में की गई यह हत्या राजनेता–बिल्डर–अंडरवर्ल्ड गठजोड़ की शक्ति, पहुंच और कानून–व्यवस्था की अवमानना का संकेत देती है, जो भारत के सबसे मशहूर शहर मुंबई के अपराध मुक्त होने के दावे को चुनौती दे रही है। सिद्दीकी अपनी ग्लैमरस इफ्तार पार्टियों के लिए प्रसिद्ध थे जिनमें बॉलीवुड सितारे शामिल होते थे। वे विशेष रूप से सलमान खान और संजय दत्त जैसे फिल्मी सितारों के साथ अपनी नजदीकियों के लिए जाने जाते थे। सिद्दीकी की हैसियत सिर्फ एक पूर्व विधायक, एक पूर्व मंत्री या बांद्रा पश्चिम उपनगर के प्रतिनिधि से कहीं अधिक थी। वे उस इलाके से थे जहां बॉलीवुड फिल्मी सितारों में से कुछ सबसे बड़े लोगों के घर हैं। 2013 की एक तस्वीर में कांग्रेस पार्टी के तत्कालीन सदस्य बाबा सिद्दीकी सुपरस्टार सलमान खान और शकिंग खान्न्य कहे जाने वाले शाहरुख खान के गलों में हाथ डाले दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के लंबे समय से सदस्य, पूर्व मंत्री और सिनेस्टार व दिवंगत सांसद सुनील दत्त के सर्वाधिक करीबी सहयोगी रहे सिद्दीकी ने अपने खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की जांच के मद्देनजर इस साल की शुरुआत में पार्टी छोड़ दी थी और फिलहाल भाजपा के साथ महाराष्ट्र में सत्ता में भागीदार अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। उसके बाद ईडी का मामला कभी आगे नहीं बढ़ा। इन अर्थों में जिस व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की गई, वह सत्तारूढ़ पार्टी का कार्यकर्ता था, जिसकी हत्या उस समय हुई जब सभी राजनीतिक दल महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए जी–जान से जुटे हैं। उल्लेखनीय है कि बाबा सिद्दीकी को एक पखवाड़े पहले जान से मारने की धमकी मिली थी जिसके बाद उन्हें श्वाईय्र श्रेणी की राज्य सुरक्षा प्रदान की गई थी। इन सबके बावजूद हिटमैन अपना काम कर गुजरे। सरकारी कहानी यह है कि यह हत्या लॉरेंस बिश्नोई के नेतृत्व वाले गिरोह की करतूत है। हत्या का कारण सिद्दीकी की सलमान खान के साथ कथित नजदीकी को बताया जा रहा है। सलमान खान पर आरोप है कि उसने 1998 में कथित तौर पर एक काले हिरण का शिकार किया था जिसे बिश्नोई समुदाय पवित्र व पूजनीय मानता है। इसी वर्ष अप्रैल में सलमान खान के घर पर गोलियां चलाई गई थीं। इस सिलसिले में गिरफ्तार आरोपियों में से एक अनुज थापन के बारे में कहा जाता है कि उसने पुलिस हिरासत में आत्महत्या कर ली जिसने उस मामले में एक नया मोड़ दे दिया। अब सलमान खान के सभी दोस्त और सहयोगी बिश्नोई गिरोह के निशाने पर हैं, लेकिन सिद्दीकी की हत्या के बाद घटनाक्रम में इतनी तेजी के साथ बदलाव हो रहे हैं जिसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यह कम महत्वपूर्ण नहीं है कि बिश्नोई इस समय गुजरात में हिरासत में हैं। इसके अलावा पुलिस ने सिद्दीकी मामले में उसी रात आनन–फानन में दो गिरफ्तारियां कीं और इस समय तक एक और आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तार किया गया तीसरा व्यक्ति उस व्यक्ति का भाई है जिसने बिश्नोई गिरोह के गुर्गे के रूप में हत्या में शामिल होने का दावा किया था। क्या मामला इतना सरल हो सकता है जितना कि बताया जा रहा है? बाबा सिद्दीकी को जमीन और रियल एस्टेट कनेक्शन के लिए भी जाना जाता था जिसने मुंबई में बिल्डरों की भूमिका को उजागर करते हुए शहर का पूरा परिदृश्य बदल दिया और कई मायनों में शहर की तरक्की के साथ मुंबई को कांक्रीट का बदसूरत जंगल बनाने में भी योगदान दिया है। कीमतों में उतार–चढ़ाव के कारण कई इमारतें अधूरी छोड़ दी गईं। रियल एस्टेट में निवेश करने वाले अधिकांश लोगों ने देखा है कि उनके निवेश को आकर्षक रिटर्न नहीं मिलता हैं जैसा किसी समय आवासीय परियोजनाओं में मिलता था। इसके बावजूद मुंबई में भूमि का आकर्षण और रिटर्न देने की इसकी क्षमता हमेशा की तरह आकर्षक है जिसने मुंबई को भारत का सबसे समृद्ध शहर बनाए रखा है। इसके अलावा बाजार की बदलती परिस्थितियों ने बिल्डरों और परियोजनाओं पर भी दबाव डाला है जिनमें से कई की पूरा करने की प्रतिबद्धता हो सकती है पर मुंबई में आवास के लिए विकसित बाजार में व्यवहार्य से कम रिटर्न हो सकते थे।

कुछ मामलों में राजनेता खुद भूमि सौदों और बिल्डरों से करीब से जुड़े हुए हैं जैसा कि बाबा सिद्दीकी कथित तौर पर करते थे या राजनेता खुद बिल्डर हैं, जैसे कि उपनगरीय मुंबई के भारतीय जनता पार्टी के पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा। लोढ़ा और उनका रियल एस्टेट व्यवसाय समूह शायद अकेले ही अपने दबदबे के लिए और मुंबई को नया आकार देने, कीमतों को बढ़ाने, इसे अमीरों के लिए मुफीद बनाने तथा औसत या गरीब निवासियों के प्रति विरोधपूर्ण रवैये के लिए स्पष्ट रूप से जाने जाते हैं। बाबा सिद्दीकी बांद्रा पश्चिम से विधायक चुने गए थे जो कभी श्उपनगरों की रानीच कहलाता था। बिल्डर इसे एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में देखते हैं और बिल्डरों के बढ़ते दबाव के कारण अब बांद्रा का आकर्षण कम हो रहा है। पूर्व में बहुत सामान्य लोग बांद्रा पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे जिसका एक उदाहरण सदानंद वर्दे हैं जो 1970 के दशक में शिक्षा मंत्री थे। वर्दे समाजवादी विचारधारा के थे एवं बांद्रा के नेशनल कॉलेज में अर्थशास्त्र के व्याख्याता थे। एक अन्य प्रतिनिधि सलीम जकारिया एक उपनगर में स्कूल शिक्षक थे जो राज्य के शिक्षा मंत्री भी बने। बांद्रा से ताल्लुक रखने वाले एक और शख्स रामदास नायक थे जो मोदी–शाह नेतृत्व से पहले के दिनों से मुंबई भाजपा के नेता थे। अगस्त 1994 में दाऊद इब्राहिम गिरोह के सदस्यों ने एके 47 राइफल से गोलियों की बौछार कर नायक और उनके अंगरक्षक की हत्या कर दी थी। नायक उस समय 52 साल के थे। बांद्रा में हिल रोड का नाम उनकी याद में रखा गया है। नायक भाजपा की मुंबई इकाई के अध्यक्ष थे और भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाने वाले वह व्यक्ति थे जिन्होंने कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री एआर अंतुले के खिलाफ सीमेंट घोटाले के आरोपों को उजागर करने में प्रमुख भूमिका निभाई थी। नायक ने कुछ बिल्डरों के खिलाफ भी मोर्चा खोला था। अब तस्वीर बहुत अलग है। मामले सुलझाने के लिए त्वरित प्रस्ताव सामने रखे जाते हैं। मामलों को आसानी से हल हुआ मान लिया जाता है। यह स्थिति लोगों या अधिकारियों को कभी भी मामले की पूरी भयावहता सामने लाने की अनुमति नहीं देगी कि वास्तव में क्या गलत हो रहा है या मामले के सूत्र किसके हाथ में हैं और मुंबई में वापस लौट रहे संगठित अपराधों के पीछे वास्तव में किसका हाथ है।

## खेत और बैल के रिश्ते को बचाना होगा

देश में किसान अभूतपूर्व संकट से गुजर रहे हैं। अब इसे जानने के लिए कोई विशेष अध्ययन करने की जरूरत नहीं है। यह संकट रासायनिक खेती से जुड़ा हुआ है। जबकि परंपरागत खेती में खेत और बैल का संबंध था। किसानी व पशुपालन का गहरा रिश्ता था, जो अब ट्रेक्टर के आने से टूट रहा है। आज इस कॉलम में परंपरागत खेती पर चर्चा करना उचित रहेगा, जिससे खेती–किसानी को समग्रता से समझा जा सके, खेती की लागत को कम किया जा सके और खेती–किसानी और किसानों की आजीविका और पर्यावरण को भी बचाया जा सके। हमारे देश में खेती–किसानी बरसों से हो रही है। यह हवा,पानी और जलवायु के अनुकूल विकसित हुई है। इसमें काफी विविधता रही है। यह सिर्फ फसल उत्पादन ही नहीं, एक जीवन पद्धति थी। मोटे तौर पर स्वावलंबी व आत्मनिर्भर खेती थी। श्रम आधारित थी। किसानों के पास खुद का देसी बीज होता था। पशुपालन होता था, तो घर की गोबर खाद हो जाती थी। जिससे खेत की मिट्टी की उर्वरता बनी रहती थी। खेती से जुड़े हुए कई रोजगार भी थे, जिससे गांव के लोगों की आजीविका जुड़ी होती थी। गांव में बढ़ई का काम कृषि यंत्र बनाना होता था। वह बैलगाड़ी के चक्के, बक्खर और हल बनाता था। जिसके बदले उसे किसानों से अनाज मिलता था। परंपरागत खेती में अलग से बाहरी निवेश की जरूरत नहीं थी। न फसलों में खाद डालने की जरूरत थी और न ही कीटनाशक या नींदा नाशक। पशुओं की देखभाल में अतिरिक्त खर्च नहीं होता था। फसलों के डंठल से तैयार भूसा, पुआल व मेड़ पर होने वाले चारे से उनका पेट भर जाता था। दूसरी तरफ खेत में डंठल व पुआल आदि सड़कर जैव खाद बनाते थे और पशुओं के गोबर से बहुत अच्छी खाद मिल जाती थी। गोबर खाद से खेतों में मिट्टी की उर्वरकता बढ़ती जाती थी। फसलों के मित्र कीट ही कीटनाशक का काम करते थे। पक्षी भी कीट नियंत्रण में अच्छी भूमिका निभाते थे। गाय–बैल को खिलाने के लिए पहले खेतों में कई तरह का चारा (घास) उपलब्ध था। होशंगाबाद जिले के पुराने गजेटियर में केल, मुचेल, पोनिया, सुकरा, गुनैया और दूब का चारे का जिक्र है। नये घास नेपियर और लुक्रेन हैं। जबकि किसान कई और चारे का नाम बताते हैं जिनमें समेल, कांस, बांसिया, हिरमेचिरी, बथुआ आदि हैं। लेकिन अब नींदानाशक या खरपतवार नाशक दवाईयों के छिड़काव के कारण ये चारे उपलब्ध नहीं हैं, या कम हो गए हैं। इस कारण पशुपालन कम होता जा रहा है। भारत में आज भी खेती और पशुपालन ही सबसे ज्यादा रोजगार देने वाले क्षेत्र हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था केवल खेती–किसानी से ही नहीं, पशुपालन और छोटे–छोटे लघु–कुटीर उद्योग व लघु व्यवसायों से संचालित होती रही है। मवेशी एक तरह से लोगों के फिक्स्ड डिपॉजिट हुआ करते थे, जिन्हें बहुत जरूरत पड़ने पर, वे बेच देते थे। आम तौर पर गाय–बैल और मनुष्य के आपसी स्नेह और प्यार की कई कहानियां अब भी प्रचलन में हैं। उनके प्रति गहरी संवेदनशीलता भी देखने में आती थी। उन्हें बड़े लाड़–प्यार से पाला पोसा जाता था। ग्रामीण बताते हैं कि हम मवेशियों को अपने बच्चे की तरह पालते–पोसते हैं। उन्हें भी मनुष्यों की तरह बुढ़ापे में खूंटे पर बांधकर खिलाना चाहिए। बैलों के प्रति विशेष प्रेम तब दिखाई देता है जब उन्हें दीपावली के समय रंग–बिरंगी फीते, गेंठा, मुछेड़ी, नाथ और पट्टों से सजाया जाता है। मड़ई–मेलों में बैलगाड़ी से लोग सपरिवार जाते हैं। नर्मदा के मेलों में सजे बैलों की छटा निराली दिखती थी। गाय–बैल अपने आपको ऐसा ढाल लेते हैं कि कई तो खुद ही खेतों या जंगल में चरकर खुद घर आ जाते हैं। उन्हें लाने–ले जाने की भी जरूरत नहीं पड़ती। अगर वे कहीं दूर हो तो उनके गले की टपरी ( घंटी) या ढूने की आवाज सुनकर उनको हांक कर घर ले आते हैं। गाय की पूजा की जाती है। उन्हें अनाज खिलाया जाता है। यानी गाय–बैल को समान रूप से सम्मान मिलता था। गाय–बैल को नहलाने–धुलाने से लेकर चराने–पिलाने का हर काम जिम्मेदारी से किया जाता था। खासकर महिलाएं और बच्चे मवेशियों की देखभाल में मदद करते थे। महिलाएं मवेशियों को बांधने के कोठा या सार की साफ–सफाई, भूसा–चारा डालना आदि का काम करती थीं। जबकि बच्चे उन्हें घास या भूसा डालने से लेकर पानी पिलाने का काम करते थे। अब भी असिंचित व दूरदराज के इलाकों में, मिश्रित खेती वाले क्षेत्रों में पशुपालन होता है। वहां आज भी बैलों से जुताई की जाती है। हमारे कई त्यौहार भी खेती से जुड़े हैं। हाल ही में पोला त्यौहार निकला है, जिसमें बैलों की पूजा की जाती है। उन्हें नहलाया धुलाया जाता है। रंग–बिरंगी रंगों के छापों से सजाया जाता है। लेकिन रासायनिक खेती में बैलों की खेती पीछे छूटते जा रही है। दीपावली पर भी पशुओं की पूजा होती है। खेती और पशुपालन एक दूसरे के पूरक हैं। इसका उदाहरण राजस्थान से आने वाले घुमंतू पशुपालकों की भेड़–बकरियों, ऊंटों को किसान अपने खेतों में चरने की इजाजत देते हैं जिससे खेत उर्वर बने और उनका पेट भी भरे। यही घुमंतू पशुपालक पशुओं की अच्छी नस्ल उपलब्ध कराने में विशेष भूमिका निभाते थे। लेकिन अब पशुपालन खत्म हो रहा है। किसान बताते हैं कि अब पशुओं को चरने के लिए खेत खाली नहीं हैं। तारों की फैंसिंग कर दी गई है। पड़ती या ऊसर भूमि भी अब नहीं है। गाय– बैल सड़कों पर मारेकृमारे फिर रहे हैं। इन सब कारणों से पशुपालन कम हो रहा है। अब बबूल और बेर के पेड़ भी खत्म हो रहे हैं जिनकी पत्तियां बकरियां चरती थीं। इन पेड़ों पर घोंसले बनाकर रहने वाले पक्षी भी बसेराविहीन हो गए हैं। पहले गांव में सभी घरों के मवेशियों को चराने के लिए एक व्यक्ति को नियुक्त कर दिया जाता था। एक साथ जो पशु चरने जाते थे। बदले में उस व्यक्ति को हर घर से अनाज मिलता था, जो मवेशी चराता था। इससे कुछ लोगों को आजीविका भी मिलती थी। हल–बैल की जगह ट्रैक्टर की जुताई से मिट्टी भी सख्त (भट्टल) हो रही है। किसान बताते हैं कि अगर गीले खेत में से एक भैंस निकल जाए तो जहां–जहां उसके खुरों के निशान बन जाते हैं, वहां–वहां दाने नहीं उगते। फिर तो अब ट्रैक्टर से जुताई की जा रही है। उसका वजन तो बहुत ज्यादा होता है। इससे हमारी जमीन कड़ी हो रही है। हल से जुताई की यह समस्या नहीं आती थी।

कुल मिलाकर, खेती और पशुपालन का रिश्ता आज टूट रहा है। लेकिन अगर इसको बरकरार रखा जाए तो न केवल हमें भूमि को उर्वर बनाने के लिए गोबर खाद मिलेगी। बल्कि बड़ी आबादी को रोजगार भी मिलेगा। पशु शक्ति के बारे में कई विशेषज्ञ व वैज्ञानिक भी यह मानने लगे हैं कि यह सबसे सस्ता व व्यावहारिक स्रोत है। मशीनीकरण से ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बढ़ेगी, जो आज दुनिया में सबसे चिंता का विषय है। लेकिन ऊर्जा संकट, बिजली संकट और मानव श्रम की बहुलता के मद्देनजर हमें टिकाऊ खेती की ओर बढ़ना पड़ेगा और इसमें पशु ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इससे मिट्टी–पानी का संरक्षण तो होगा ही, जैव विविधता व पर्यावरण भी होगा। किसानों व पशुपालकों की आजीविका भी बचेगी। खेती से जुड़े रोजगार व कौशल भी बचेगा।

## फिर सैनी की ताजपोशी

भले ही यह अप्रत्याशित हो, लेकिन यह एक टकसाली हकीकत है कि हरियाणा में भाजपा को तीसरे कार्यकाल के लिये स्पष्ट जनादेश मिला है। हो सकता है पार्टी यह कहे कि यह निर्णायक जनादेश भाजपा के शासन मॉडल के प्रति विश्वास मत के रूप में अभिव्यक्त हुआ है, लेकिन इसके बावजूद जरूरत इस बात की है कि उन मुद्दों पर मंथन किया जाए जिनको लेकर चुनाव के दौरान जनता में असहजता थी। निस्संदेह, नायब सिंह सैनी, जिनको पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की छाया में गंभीरता से नहीं लिया जा रहा था, लेकिन उनके नेतृत्व में पार्टी ने पिछली बार से अधिक सीटें लेकर पूर्ण बहुमत से सरकार बनायी है। मगर जिस चीज से नायब सिंह सैनी को सावधान रहने की जरूरत है, वह है अति–आत्म विश्वास। हाल के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने अति–आत्मविश्वास की कीमत चुकाई है। निस्संदेह, सैनी की पूर्ण बहुमत वाली सरकार के पास हरियाणा में आधारभूत बदलाव से जनाकांक्षाओं को हकीकत में बदलने का सुनहरा मौका है। उन्हें पूर्ण बहुमत वाली सरकार के रूप में जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिये कृतसंकल्प होने की जरूरत है।

दरअसल, चुनावी राजनीति में जनता के दरबार में उछले विपक्षी नेताओं के आरोप कई बार सत्तापक्ष को आत्मविश्लेषण का मौका भी देते हैं। चुनावी माहौल में जहां विपक्षी दल सत्ता पक्ष की रीतियों–नीतियों को लेकर मुखर होते हैं, वहीं ऐसे मौके पर जनता की अभिव्यक्ति का भी अहसास होता है। भाजपा जैसे कुशल संगठन वाली कैडर आधारित पार्टी से उम्मीद की जाती है कि जिस तरह उसने चुनावों में माइक्रो मैनेजमेंट किया, उसी तरह उसकी सरकार से भी उम्मीद की जाती है कि वह समस्याओं को भी बेहद करीब से सूक्ष्म स्तर पर महसूस करेगी। बहरहाल, भाजपा की इस जीत ने एक संदेश यह भी दिया है कि महज सत्ताविरोधी रुझान ही चुनाव परिणामों की दिशा–दशा तय नहीं करते। बदलाव की आकांक्षा को सुशासन व बेहतर प्रबंधन के मुद्दे भी गहरे तक प्रभावित करते हैं।

निश्चित रूप से मुख्यमंत्री की दूसरी पारी में कार्यभार संभालने वाले नायाब सिंह सैनी की सरकार पर जनाकांक्षाओं का भारी दबाव होगा। उनका प्राथमिक उद्देश्य जनता से किये गए वायदों और उनके क्रियान्वयन होगा, जिससे जनता सुशासन की उपलब्धि महसूस कर सके। निश्चित रूप से किसी योजना की सार्थकता इस बात पर निर्भर करती है कि जनता उससे किस हद तक लाभान्वित महसूस करती है। कई बार व्यवस्था की विसंगति इस मार्ग में बाधक बन जाती हैं। इसके लिये आश्वासन व क्रियान्वयन में साम्य जरूरी हो जाता है। निस्संदेह, पिछले मार्च में जब सैनी ने अपने गुरु मनोहर लाल खट्टर की छत्रछाया में सरकार का दायित्व हासिल किया था तो उन्हें राजनीतिक हलकों में गंभीरता से नहीं लिया गया। लेकिन उन्होंने पिछले विधानसभा चुनावों में न केवल खुद को साबित किया बल्कि राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त किया।

निस्संदेह, हरियाणा के इस नये जनादेश के दूरगामी परिणाम होंगे। इतना ही नहीं इस जीत ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व में भी एक नया उत्साह भर दिया। यह उत्साह महाराष्ट्र व झारखंड के चुनाव अभियान में भी नजर आ रहा है। निश्चित रूप से इन चुनावों ने मुख्यमंत्री के रूप में नायब सिंह सैनी का राजनीतिक कद बढ़ाया है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से भी उन्हें सकारात्मक प्रतिसाद व संबल मिला है। वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बने हैं तो उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ गई हैं। उन्हें क्षेत्र व जाति की सीमाओं से परे 'सबका साथ, सबका विकास' का लक्ष्य हासिल करना है। उनके लिये यह सुखद है कि जहां राज्य में उन्हें पिछली बार के मुकाबले ज्यादा सीटें मिलने से पूर्ण बहुमत हासिल हुआ है,वहीं केंद्र से भी उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है। निस्संदेह, उन्हें 'डबल इंजन की सरकार' के मुहावरे को साकार करने का अवसर मिला है। जरूरत इस बात की कि वे पूर्व सरकार के मुखिया की छाया से निकलकर शासन की नई सर्व स्वीकार्य दिशा तय करें। वे महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सक्षम नजर आएं, जिससे राज्य में सरकार की स्वीकार्यता बढ़ सके। जिसमें पार्टी के वरिष्ठ विधायकों का अनुभव व कनिष्ठ विधायकों की ऊर्जा मददगार होगी।

## आज का राशिफल

**मेष :–** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**बृषभ :–** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख–साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुन :–** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्क :–** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंह :–** अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्या :–** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख–साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**तुला :–** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

**वृश्चिक :–** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनु :–** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकर :–** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभ :–** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख–सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त–मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**मीन :–** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी–बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

## खाना खजाना / सेहत / ब्यूटी

### पुदीने की पत्तियों के खाने से शरीर को मिलते हैं चमत्कारिक फायदे, इम्यूनिटी होगी मजबूत

पुदीने की पत्तियां आमतौर पर हर भारतीय रसोई में मौजूद होती है। पुदीना एक सुगंधित और स्वादिष्ट सजावट सामग्री से कहीं अधिक है। यह सबसे पुरानी जड़ी–बूटियों में से एक है, जो विश्व भर में उगाई जाती है और इसका उपयोग विभिन्न प्रकार के व्यंजनों में किया जाता है – चाहे वह चटनी हो, फलों का सलाद हो या रायता हो। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अपनी मनमोहक सुगंध और स्वाद से परे, पुदीने की पत्तियां कई आश्चर्यजनक स्वास्थ्य लाभ प्रदान करती हैं? आवश्यक पोषक तत्वों और यौगिकों से भरपूर, इन पत्तियों को उनके औषधीय गुणों के लिए सदियों से महत्व दिया गया है। पाचन सहायता से लेकर तनाव से निजात पाने के लिए, पुदीने की पत्तियां आपकी दैनिक दिनचर्या में एक शक्तिशाली अतिरिक्त हो सकती हैं। आइए पुदीने की पत्तियों के सेवन से होने वाले कुछ स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानें।

**पाचन में मदद करता है–**पुदीने की पत्तियां पेट को तुरंत आराम पहुंचाती हैं और भोजन पचाने में सहायक होती हैं। एंटीऑक्सिडेंट, फाइटोन्यूट्रिएंट्स और मेन्थॉल से



भरपूर, पुदीना पेट की विभिन्न समस्याओं जैसे सूजन, अपच या पेट की खराबी के इलाज के लिए एक प्राकृतिक इलाज है। आपको बस अपनी चाय में पुदीने की पत्तियां मिलानी हैं और भोजन से पहले या बाद में गर्म पेय पीना है। कुछ ताजी पुदीने की पत्तियों को उबलते पानी में पांच से दस मिनट तक उबालकर पीने से भी आपके पेट से संबंधित समस्याओं में मदद मिल सकती है।

**वजन घटाने में मदद करता है–**अगर आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो फिर पुदीने की पत्तियां आपके लिए बेहद जरूरी हैं। इसमें कैलोरी कम होती है लेकिन फाइबर अधिक होता है और यह आपको लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस कराने में मदद कर सकता है, जिससे अधिक खाने की संभावना कम हो जाती है। चूंकि जड़ी–बूटी पाचन में सहायता करती है और फैट्स के चयापचय में सुधार करती है। यह वजन घटाने में सहायक होते है। आप पुदीने को सलाद, स्मूदी या डिटॉक्स पेय में मिलाकर अपने दैनिक भोजन में शामिल करें।

**तनाव दूर होता है–**पुदीने की सुगंध प्रकृति में बहुत शांत होती है और इस प्रकार यह तनाव को कम करने में प्रमुख भूमिका निभाती है। सुगंधित पत्तियां हमारे दिमाग को शांत करके हमारे दिमाग को आराम देती हैं, क्योंकि जड़ी–बूटी में एडाप्टोजेनिक गुण होते हैं जो कोर्टिसोल के स्तर को नियंत्रित करते हैं और तनाव से राहत देते हैं। तनाव से लड़ने और लोगों को शांत महसूस कराने के लिए अरोमाथेरेपी की तरह पुदीने का उपयोग हमेशा आयुर्वेदिक उपचार के रूप में किया जाता रहा है। इसमें शीतलन प्रभाव भी होता है जो सिस्टम को आराम देता है और तनाव कम करता है।

**स्किन बेहतर होती है–**क्या आप मुंहासों या त्वचा में जलन से थक गए हैं? पुदीने की पत्तियों को पीसकर गाढ़ा पेस्ट बना लें और इसे प्रभावित जगह पर लगाएं। 15 से 20 मिनट के बाद इसे ठंडे पानी से धो लें, और आप शांत प्रभाव महसूस करेंगे। एंटी–इंफ्लेमेटरी और एंटी–बैक्टीरियल गुणों से भरपूर पुदीना त्वचा को आराम और शांति देने में मदद करता है। इसके अलावा, पुदीने की पत्तियों में मौजूद सैलिसिलिक एसिड रोमछिद्रों को खोलता है, मुंहासों और दाग–धब्बों को कम करता है, प्राकृतिक रूप से सूजन को कम करता है और त्वचा की लालिमा और खुजली से राहत दिलाता है।

**खांसी–जुकाम ठीक होता है–** बदलते मौसम में हर व्यक्ति को सर्दी, खांसी या साइनस का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं के इलाज के लिए आप पुदीना एक उपयोगी घटक बन सकता है। दरअसल, पुदीने की पत्तियों से भाप लेने से सांस लेना आसान हो जाता है। पुदीने की चाय पीने से भी गले की खराश से राहत मिलती है और यह सर्दी–खांसी की दवा के रूप में काम करती है।

**इम्यूनिटी मजबूत होती है–**पुदीने में भरपूर मात्रा में विटामिन सी होता है, जो एक प्रकार का एंटीऑक्सीडेंट है जो शरीर को कई बीमारियों से बचाने में मदद करता है। रोजाना पुदीने का पानी या चाय का सेवन करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और शरीर को कई फायदे मिलते हैं।

दैनिक संज्ञान दृष्टि
लखीमपुर–खीरी, रविवार 20 अक्टूबर 2024



# काशी से देशवासियों को मिलेगा दिवाली गिफ्टरू स्वास्थ्यए शिक्षाए खेलए पर्यटन संबंधी योजनाओं का लोकार्पण करेंगे पीएम



वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को दीपावली की सौगात देने के लिए रविवार को वाराणसी पहुंचेंगे। अपने सांसद का ग्रैंड वेलकम करने के लिए काशी तैयार है। तीसरी बार वाराणसी से सांसद और प्रधानमंत्री बनने के बाद काशी को पीएम मोदी विकास की परियोजनाओं की सौगात देंगे। काशी से ही देश को 6ए611ण18 करोड़ की 23 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करके देशवासियों को सौगात देंगे ।

प्रधानमंत्री स्वास्थ्यए शिक्षाए खेलए धर्मए पर्यटन से रोजगारए आवासए विमानन जैसी कई सुविध ााओं का लोकार्पण करके जनता को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री वाराणसी एयरपोर्ट के विस्तारीकरण व नए टर्मिनल भवन की नींव भी रखेंगे। वह आरजे शंकरा नेत्र चिकित्सालय को आमजन के लिए लोकार्पित करेंगे और सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम में 20 हजार से अधिक लोगो से संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा संस्कृत विद्यालयों और अस्पतालों में तीमारदारों के लिए शुरू की गई निःशुल्क भोजन व्यवस्था की घोषणा मंच से कर सकते है। कार्यक्रम के अंतर्गतए करीब 1 बजे पीएम वाराणसी पहुंचेंगे और लगभग 6 बजे काशी से रवाना हो जाएंगे।

प्रधानमंत्री की अगवानी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री समेत कई केंद्रीय और कैबिनेट मंत्रियों के मौजूद रहने की भी संभावना है। सिविल एविएशन एओलिंपिक संघ आदि के पदाधिकारी भी मौजूद रह सकते है ।

**काशी आगमान पर ढोल.नगाड़ों और पुष्पवर्षा से होगा स्वागत–** विकास की परियोजनाओं से काशी का कायाकल्प करने वाली भाजपा की डबल इंजन की सरकार एक बार फिर पूर्वांचल समेत देश के अन्य भागों को दीपावली में विकास की सौगात देने जा रही है। भाजपाए काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि प्रधानमत्री के रविवार को काशी आगमान पर उनका स्वागत काशीवासी ढोल.नगाड़ों और पुष्पवर्षा से करेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी जगह.जगह स्वागत की तैयारी की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाबतपुर इंटरनेशल एयरपोर्ट से हरहुआ. गाजीपुर रिंग रोड स्थित शंकरा नेत्रालय के उद्घाटन के बाद सड़क मार्ग से सिगरा स्थित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स पहुंचकर परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री एक बड़ी जनसभा को सिगरा स्टेडियम में सम्बोधित करेंगेए इसमें 20 हजार से अधिक लोगो के रहने की सम्भावन है। इसमें प्रमुख रूप से खिलाड़ियोंए खेल प्रेमियोंए बुद्ध जीवियोंए प्रबुद्धजनोंए जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्त्ता रहेंगे। प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से जुड़े 90 करोड़ की लागत से बने आधुनिक आर झुनझुनवाला शंकरा नेत्र चिकित्सालय का उद्घाटन करेंगे।

इसके अलावाए सिगरा स्टेडियम समेत 380ण13 करोड़ की लागत से तैयार14 परियोजनाएं को जनता को समर्पित करेंगे। वहींए 2ए874ण17 करोड़ की लागत की 2 महत्पूर्ण योजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे।

–लोकार्पण की जाने वाली परियोजना और लागत करोड़ में 380.13 करोड़द्ध
–वाराणसी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्सए सिगरा का पुनर्विकास. 216.29
–सारनाथ में पर्यटन पुर्नविकास कार्य. 90.20
–सीपेट परिसरए करसड़ा में छात्रावास का निर्माण.. 13.78
–डॉण् भीमराव अम्बेडकर स्पोर्टस स्टेडियमए लालपुर में 100 बेड क्षमता के बालकए बालिका छात्रावास व पब्लिक पवेलियन का निर्माण. 12.99
वाराणसी शहर में 20 पार्कों के सौंदर्यीकरण व पुनर्विकास कार्य.7.85
महिला आईटीआई चौकाघाट व आईटीआई करौंदी में हाई.टेक लैब का निर्माण. 7.08
–सेंट्रल जेलए वाराणसी में बैरकों का निर्माण कार्य. 6.67
–सीपेट परिसरए करसड़ा में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र का निर्माण. 6.00
–बाणासुर मंदिर एवं गुरुधाम मंदिर में पर्यटन विकास कार्य 6.02
–सेन्ट्रल जेलए वाराणसी में 48 कर्मचारी आवास का निर्माण कार्य.5. 16
–टाउन हाल शापिंग काम्प्लेक्स का निर्माण कार्य. 2.51
–प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रए भरथरा में आवासीय भवनों का निर्माण कार्य. 2.16
–सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रए चिरईगॉव का निर्माण कार्य. 1.93
ककरमत्ता फ्लाइओवर के नीचे एक्टिविटी जोन एवं पार्किंग का निर्माण कार्य. 1.49
–शिलान्यास की जाने वाली परियोजना और लागत य 2,874.17 करोड़
–श्री लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का विस्तारीकरणए नए टर्मिनल भवन का निर्माण तथा सम्बंधित अन्य निर्माण कार्य 2870 करोड़
कस्तूरबा गाँधी विद्यालय आराजीलाइन में एकेडमिक ब्लॉक व गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण. 4.17 करोड़
–अन्य जिलो व प्रदेशों की लोकार्पण और शिलान्यास की जाने वाली परियोजनाएं
–लोकार्पण की जाने वाली विकास की परियोजनाए 225.88 करोड़द्ध
रीवा एयरपोर्ट का नए टर्मिनल भवन का निर्माण. 91 करोड़
–मां महामाया एयरपोर्टए अंबिकापुर के नए टर्मिनल भवन का निर्माण . 80.32 करोड़
–सरसावा एयरपोर्ट में सिविल
–इन्क्लेव का निर्माण. 54.56 करोड़
शिलान्यास की जाने वाली परियोजनाएं य 3,041 करोड़
–बागडोगरा एयरपोर्ट में नए सिविल इन्क्लेव का निर्माण. 1550 करोड़
–दरभंगा एयरपोर्ट में नए सिविल इन्क्लेव का निर्माण. 912 करोड़
–आगरा एयरपोर्ट में नए सिविल एन्क्लेव का निर्माण. 579 करोड़
–90 करोड़ की लागत से निर्मित आई हॉस्पिटल का होगा शुभारंभ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीकांची कामकोटि मेडिकल ट्रस्ट की ओर से हरहुआ गाजीपुर रिंग रोड.1 माधोपुर गांव में 90 करोड़ की लागत से निर्मित आधुनिक आरजे शंकरा आई हॉस्पिटल का शुभारंभ भी करेंगे इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राजपाल भी रहेंगी। इस अस्पताल से पूरे पूर्वांचल व यूपी से सटे हुए अन्य प्रदेशों के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की आंखों की बीमारियों का बेहतर तथा निःशुल्क इलाज होगा। आरजे शंकरा नेत्रालय के उद्घाटन के मौके पर कांची कामकोटि पीठ के पीठाधिपति जगद्गुरु विजयेंद्र सरस्वती भी मौजूद रहेंगे। इसके साथ श्रीकांची कामकोटि पीठम के संत.महंत व उनकी परंपरा से जुड़े एक हजार से अधिक लोग मौजूद रहेंगे।

**निःशुल्क भोजन व्यवस्था की भी मंच से घोषणा कर सकते हैं पीएम–**श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि न्यास की ओर से नाट्यकोटम संस्था के सहयोग से 16 संस्कृत विद्यालयों के छात्रों को और 3 अस्पतालों में तीमारदारों को भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के गोदौलिया स्थित जम्मू कोठी में बनाए गए अन्नक्षेत्र में सात्विक सनातन रसोई का ट्रायल किया जा चुका है। प्रथम चरण में लगभग 3000 लाभार्थियों को भोजन वितरण से प्रारंभ कर यह योजना 5000 लाभार्थियों तक भोजन उपलब्ध कराने का माध्यम बनेगी। विश्वनाथ मंदिर न्यास की ओर से निःशुल्क भोजन व्यवस्था का सफल ट्रायल शुक्रवार को हुआ था।

# 'सीतापुर में प्रशासकीय समिति ने खीरी जिले की समीक्षा, दिए निर्देश'

**स्पर्श सिन्हा**
**लखीमपुर खीरी, (संज्ञान दृष्टि)।** शनिवार को सीतापुर जिले में उप्र विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता समिति के सभापति पवन कुमार सिंह ने की। बैठक में जनपदीय अधिकारियों के अलावा समिति के अन्य सदस्य कुंवर महाराज सिंह, केपी श्रीवास्तव और उमेश द्विवेदी भी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जनवरी 2020 से 31 दिसंबर 2023 के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों की पेंशन, ग्रेच्युटी और अन्य देयकों के भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही जीपीएफ भुगतान, वृद्धावस्था और निराश्रित महिला पेंशन के लम्बित मामलों की भी चर्चा की गई। किसानों के प्रतिकर से संबंधित मामलों, बिजली–पानी की स्वीकृति और भूमि सीलिंग प्रमाण–पत्रों की समीक्षा भी की गई। सभापति पवन कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन और अन्य देयकों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने मृतक आश्रितों के सेवायोजन के मामलों को समय बद्धता से निपटाने की आवश्यकता पर जोर दिया। यदि किसी विभाग में लापरवाही पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में सीएमओ को सभी चिकित्सालयों में एक्सरे मशीनों के संचालन, दिव्यांगों के लिए मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल वितरण के लिए पंजीकरण शिविर लगाने, निलम्बित दुकानों के शीघ्र संचालन और पशुपालन विभाग को गौआश्रय स्थलों में व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डीएसओ को निर्देश दिया गया कि विद्युत विभाग उपभोक्ताओं को समय पर सामग्री आवंटित करे, जबकि कृषि विभाग को छोटे किसानों को उर्वरक समय से उपलब्ध कराने की बात कही गई। सीडीओ अभिषेक कुमार ने बैठक में प्राप्त निर्देशों के अनुपालन की पुष्टि की। बैठक में एसपी गणेश प्रसाद साहा, एडीएम संजय कुमार सिंह, सीएमओ डा. संतोष गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# भाजपा नेता विष्णु पद सिंह ने की हरचंदपुर में स्टेडियम बनवाने की मांग

**मुकेश शर्मा**
**रायबरेली (संज्ञान दृष्टि)।** जनपद के तेजतर्रार भाजपा नेता विष्णु पद सिंह ने हरचंदपुर ब्लॉक के युवा प्रतिभाओं की विगत कई वर्षों से एक खेल मैदान के लिए आ रही समस्या को देखते हुए युवाओं की मांग पर उत्तर प्रदेश सरकार के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव जी से हरचंदपुर में एक स्टेडियम बनावाने की मांग की, ताकि हरचंदपुर की युवा प्रतिभाओं को खेल स्टेडियम के लिए दूर दराज भटकना न पड़े और उन्हें यहीं पर खेल की समस्त सुविधा उपलब्ध हो सके, भाजपा नेता श्री सिंह के अनुरोध पर खेल मंत्री जी ने शीघ्र ही प्रस्ताव बनवाकर निरीक्षण कर अग्रिम कार्रवाई कर निर्माण करवाने का आश्वासन दिया। ब्लॉक के युवाओं ने श्री सिंह को इसके लिए धन्यवाद ज्ञापित कर प्रसन्नता व्यक्त की।



# पिंपरी येथील स्वस्त धान्य दुकानात धान्य वितरणामध्ये अफरातफर

**तक्रारीच्या अनुषंगाने जीवनावश्यक वस्तू कायदा 1955 ची कलम 3 व 7 नुसार रास्त भाव धान्य परवानाधारक सौ. अनिता मंगल राठोड रा. भांब यांच्यावर फौजदारी गुन्हा नोंद करण्यात आला. मोहन कोल्हे, निरीक्षण अधिकारी पुरवठा विभाग**

## महिला डिलरवर फौजदारी गुन्हे नोंद'' नव्याने रुजू झालेले पुरवठा निरीक्षण अधिकाऱ्यांची धडक कार्यवाही

**सय्यद मुदस्सीर**
**यवतमाळ (संज्ञान दृष्टी)।** यवतमाळ महागाव तालुक्यातील भांब गावची रहिवासी असलेल्या महिला डीलरला पिंपरी गावचा स्वस्त धान्य दुकान परवाना आहे. धान्य वितरणामध्ये मोठ्या प्रमाणात तफावत जाणवल्याने आणि ग्राहकाच्या तक्रारीवरून संबंधित स्वस्त धान्य दुकानदार महिला डीलरवर फौजदारी गुन्हे नोंद करण्यात आले.

याबाबत सविस्तर वृत्त असे की, तालुक्यातील पिंपरी गावात स्वस्त धान्य दुकान चालविण्याचे काम भुरीबाई महिला बचत गटाच्या नावाने असून भांब येथील महिला डीलर अनिता मंगल राठोड या चालवीत आहेत. कृष्णा देवीसिंग पवार रा. पिंपरी या रेशन कार्डधारकास सदर डीलरने थंब घेऊन धान्य वितरण केले नसल्याबाबतची तक्रार महागाव पुरवठा विभागाकडे केली आहे. तक्रारीत त्यांनी म्हटले की, डीलर ने माझा थांब घेऊन रेशन कार्ड नं. 272030566996 ची नोंद घेण्यात आली. आणि माझा भाऊ अविनाश जयसिंग पवार रेशन कार्ड क्र. 272030566997 या दोन्ही रेशन कार्ड चे 27 सप्टेंबर रोजी थंब घेऊन धान्य वितरण केले नाही, आणि पावतीही दिली नाही. धन्य मागणी केली असता तुम्हाला पुढच्या महिन्यात धान्य येईल आणि नंतरच तुम्हाला धान्य देण्यात येईल. अशा पद्धतीची बनावट दिशाभूल करण्यात आली. तक्रारीच्या अनुषंगाने महागाव पुरवठा विभागाला नव्याने रुजू झालेले आणि सैनिकी सेवा पार पाडून पुरवठा विभागाचे निरीक्षण अधिकारी म्हणून कार्य बजावणारे मोहन कोल्हे यांनी 26 ऑक्टोबर रोजी दुपारी तीन च्या दरम्यान सदर दुकानात अकस्मित धाड टाकली. पिंपरी स्वस्त धान्य दुकानाची तपासणी करण्यात आली असता, त्यांच्या दुकानात प्रत्यक्ष मालाचा साठा यामध्ये गहू 2 क्विंटल 55 किलो, तांदूळ 14 क्विंटल 20 किलो, साखर 32 किलो आणि गौरी गणपती या सणाला वाटप करण्याच्या 11 किड्स एवढा साठा आढळून आल्या. सदर बाबीचा मोका पंचनामा करण्यात आला. यावेळी पंच म्हणून ए. एम. बोंबले तलाठी तथा ग्राम दक्षता समिती सचिव, विनोद तुकाराम राठोड, डी. डी. वैरागळे कोतवाल मौजे पिंपरी व श्रीराम बनसोडे शासकीय धान्य गोदाम व्यवस्थापक महागाव यावेळी प्रत्यक्ष घटनास्थळी उपस्थित होते. यावेळी तपासणी केली असता दुकानात अनेक त्रुटी आढळून आल्या यामध्ये, रास्त भाव फलक ज्यावर दिनांक आणि वेळ नमूद असते ते आढळून आले नाही. धान्यसाठा फलक, भावफलक, दक्षता समिती फलक आणि दुकाना संबंधित इतर कुठलेही फलक दिसले नाही. दर्शनीय भागात अंतोदय व प्राध ान्य गट योजनेची आरसी निहाय यादी आढळून आली नाही. धान्याचे नमुने ठेवण्यात आले नव्हते. सर्वोच्च न्यायालयाच्या आदेशाची प्रत ठेवली नव्हती. भेट पुस्तिका व तक्रार पुस्तिका आढळली नाही. मागील जुलै सप्टेंबर धान्य उचल, वाटप व महिन्याअखेर शिल्लक तपासणी असता दुकानात गहू 2 क्विंटल 94 किलो कमी आढळून आला. तांदूळ 5 किलो जास्त आढळून आला, ज्वारी एक क्विंटल 52 किलो जास्त तर साखर 15 किलो जास्त एवढा तफावत साठा आढळून आला. धान्य दुकानाची जागा पाच बाय पाच एवढ्या जागेत अस्तव्यस्त पडलेल्या अवस्थेत होता.

या ठिकाणी मोठ्या प्रमाणात धान्याचा भुस्सा, उंदीर आणि घुषींचा प्रादुर्भाव आढळून आला. उपरोक्त तपासणीच्या अनुषंगाने आढळून आलेल्या तपावतीवरून दि. 17 ऑक्टोबर 2024 रोजी काळी सव्वाआठ वाजता सरपंच तथा ग्राम दक्षता समिती अध्यक्ष यांच्या समक्ष पिंपरी येथे प्राध ान्य गट व अंतोदय योजना मिळून 45 शिधापत्रिका धारकांचे बयान नोंदविण्यात आले. यामध्ये एकूण 40 जणांच्या बयाणा मध्ये गहू 4 क्विंटल 52 किलो, ज्वारी 93 किलो आणि तांदूळ 7 क्विंटल 88 किलो लाभार्थ् यांना कमी दिल्याचे आरसीएमएस प्रणालीवर पडताळणी अंती निष्पन्न झाले. स्वस्त भाव दुकानदार अनिता मंगल राठोड ही परवानाधारक मूळ भांब गावची रहिवासी आहे,

पिंपरी गावात जाऊन घरोघरी फक्त थंब (अंगठे) घेतात व ध ान्य देत नाही. आज देतो उद्या देतो म्हणून टाळाटाळ करून वाद घालतात. एखाद्याने वाद घातलास तर पुढच्या महिन्यात पंधरा दिवसांनी दुसऱ्या महिन्यातधान्य देतात, काहींना तर ध ान्य दिले नाही, दुकानही वेळेवर उघडत नाहीत, ग्राहकांसी दादागिरी करतात, डीलर ग्राहकांच्या शिधापत्रिका स्वतःकडे जमा करून घेतो अशा प्रकारच्या गंभीर बाबी पिंपरी ग्रामस्थांनी बयानामध्ये नोंद केल्या आहेत. सदर डीलर ला 25 सप्टेंबर रोजी पंचवीस तारीख उलटूनही माहे सप्टेंबर 2024 चे धान्य 31 ऑगस्ट च्या आत पोच करण्यात आले असून सुद्धा धान्य वाटपाला सुरुवात न केल्यामुळे सदर बाबतीत खुलासा मागविण्यात आला होता. परंतु सदर महिला डीलरनी खुलासा सादर केला नाही. सदर दुकानदार महिन्याच्या शेवटच्या दोन दिवसच पिंपरी गावात धान्य वाटप करतो. 4 ऑक्टोबर रोजी रास्त भाव दुकानदार यांच्या मासिक सभेत 15 तारखेच्या आत धान्य वाटप केले नाही व त्यांना वारंवार फोन केल्यानंतर दिनांक 13 ऑक्टोबर व 16 ऑक्टोबर रोजी गावातील शिधापत्रिका धारकांचे घरोघरी जाऊन अनुक्रमे 36 व 38 या लाभार्थ्यांचे अंगठे घेतले पण प्रत्यक्ष त्यांना धान्य वितरण केले नसल्याचे लाभार्थ्याच्या बयाना वरून स्पष्ट झाल्याचे म्हटले आहे. गहू, तांदूळ, ज्वारी, साखर या जीवनावश्यक वस्तूची अफरातफर करून काळाबाजार झाल्याची शक्यता वर्तविण्यात येते. सदर डीलर ने महाराष्ट्र अनुसूचित वितरण (विनीयमन) अधिनियम 1975 मधील अटी व शर्थीचे उल्लंघन केल्याचे निष्पन्न झाल्याने, धान्याच्या तपावती वरून व गोरगरीब जनतेच्या अज्ञानतेचा तांत्रिक यंत्रणेचा वापर करून गैरफायदा घेत लाभार्थ्यांना एवढ्या मोठ्या प्रमाणात कमी धान्य एका महिन्याचा पूर्ण धान्याचा एकूण गहू 8 क्विंटल 18 किलो, ज्वारी 5 क्विंटल 41 किलो, तांदूळ 18 क्विंटल 6 किलो आणि पंधरा किलो साखरेचा काळाबाजार करून अफरातफर केल्याचे सिद्ध झाल्यान जीवनावश्यक वस्तू कायदा 1955 ची कलम 3 व 7 नुसार रास्तभाव धान्य परवानाधारक सौ. अनिता मंगल राठोड रा. भांब यांच्यावर रीतसर कार्यवाही करण्यात आली. अपहार झालेला मालाची 19 क्विं. 836 किलो, तांदूळ 57,792 तर ज्वारी 17, 202 आणि साखर 405 किलो अशा एकूण 95297.30 मालाची नोंद असल्याचे कळते यापूर्वी महागाव तालुक्यात अनेक धान्य घोटाळे उघडकीस आले आहेत हे विशेष




# सलमान खान के लिए आया धमकी भरा मैसेज, 5 करोड़ रुपए की मांग

मुंबई। मुंबई ट्रैफिक पुलिस को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के नाम पर एक धमकी भरा संदेश मिला है। धमकी भरे संदेश में अभिनेता सलमान खान से 5 करोड़ रुपए की मांग की गई है। यह संदेश मुंबई ट्रैफिक पुलिस के वॉट्सऐप नंबर पर भेजा गया है। जिसमें कहा गया है कि इसे हल्के में न लें। अगर सलमान खान जिंदा रहना चाहते हैं और लॉरेंस बिश्नोई से अपनी दुश्मनी खत्म करना चाहते हैं, तो उन्हें 5 करोड़ रुपये देने होंगे। मैसेज में आगे चेतावनी दी गई है कि अगर पैसे नहीं दिए गए, तो सलमान खान की स्थिति बाबा सिद्दीकी से भी बदतर होगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुंबई पुलिस ने इस पूरे मामले में जांच शुरू कर दी है। इस धमकी भरे मैसेज के बाद महाराष्ट्र के रायगढ़ में सलमान खान के पनवेल फार्महाउस के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई।

इससे पहले, गुरुवार को नवी मुंबई की पनवेल पुलिस ने हरियाणा के पानीपत से शूटर सुक्खा को गिरफ्तार किया था। सुक्खा पूर्व में सलमान खान के पनवेल फार्महाउस की रेकी करने और गोली चलाने वाले आरोपियों के साथ शामिल था। गिरफ्तारी के बाद उसे नवी मुंबई में लाया गया है और उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, सुक्खा एक बड़े आपराधिक नेटवर्क का हिस्सा है और इससे पहले भी कई गंभीर आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के बाद, पुलिस अब यह जांच करेगी कि वह किसके साथ सांठगांठ में था और इस साजिश में अन्य कौन लोग शामिल थे। इस गिरफ्तारी के साथ ही, पुलिस ने सलमान खान की सुरक्षा को लेकर एक बड़ी साजिश का पर्दाफाश किया है। जांच एजेंसियां तेजी से कार्रवाई कर रही हैं ताकि सभी संबंधित लोगों को पकड़ा जा सके। बता दें बीते दिनों ही मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है।



# 'भूल भुलैया 3' में 'मंजुलिका' बनीं माधुरी दीक्षित, विद्या बालन से होगी जोरदार टक्कर

मुंबई। अनीस बज्मी की हॉरर–कॉमेडी श्भूल भुलैया 3 साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म निर्माता सोशल मीडिया पर लगातार अपडेट साझा कर रहे हैं। इस बीच विद्या बालन ने माधुरी दीक्षित के साथ धमाकेदार मुकाबले की एक रोमांचक क्लिप जारी की है। फिल्म निर्माताओं ने फिल्म के प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ी है। कई टीजर और ट्रेलर जारी करने के बाद शुक्रवार को टी–सीरीज ने भी अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक नया टीजर जारी किया, जिस पर लिखा है 'इस दिवाली, रूह बाबा बनाम मंजुलिका देखने के लिए तैयार हो जाइए! 'भूल भुलैया–3' का ट्रेलर आउट।'

वीडियो की शुरुआत कार्तिक आर्यन की कमेंट्री से होती है, जिसमें वो कहते हैं कि केवल मूर्ख ही भूतों से डरते हैं। उसी समय माधुरी दीक्षित मंजुलिका के रूप में चिल्लाती सामने आती हैं और कहती हैं 'आप तो डर गए'। इसके बाद कार्तिक का किरदार रूह बाबा विद्या से कहता है 'मंजू, मैं तुम्हारे लिए आ रहा हूं'।

इस बीच कार्तिक और विद्या लोकप्रिय गेम शो कौन बनेगा करोड़पति 16 पर फिल्म का प्रचार करते नजर आएंगे। उनका एपिसोड आज (शुक्रवार) प्रसारित होगा। एपिसोड के कई प्रोमो पहले ही जारी किए जा चुके हैं, जिसे लेकर प्रशंसक उत्साहित हैं और बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं।

अनीस बज्मी की आगामी फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ विद्या बालन, माधुरी दीक्षित, संजय मिश्रा, तृप्ति डिमरी और राजपाल यादव, संजय मिश्रा समेत अन्य कलाकार अहम रोल में हैं। फिल्म का ट्रेलर 17 अक्टूबर को जयपुर में लॉन्च किया गया था। यह भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त है। फिल्म 1 नवंबर को रिलीज होने के लिए तैयार है।



## एक नज़र

**ललितपुर–** गुंडई के बल पर दबंगों ने स्कूटी में लगाई आग, जलती हुई स्कूटी का वीडियो हुआ वायरल, पीड़ित युवक ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग, सदर कोतवाली अंतर्गत रोड़ा मार्ग की घटना।

**नोएडा–** जेपी कॉसमॉस सोसाइटी में 11वीं मंजिल गिरी युवती, युवती की मौके पर मौत होने से आसपास मचा हड़कंप, सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी, परिजनों का आरोप युवती को गिराया गया, घरेलू सहायिका का काम करती थी मृतक युवती, सेक्टर 134 की जेपी कॉसमॉस सोसायटी में हंगामा।

**बहराइच–** 48 घंटे में 23 मकानों पर चलेगा प्रशासन का बुलडोजर, लोगों ने खुद से अपना आशियाना उजाड़ना किया शुरू, दुकानों से टीन, घर का सामान हटाया जाना हुआ शुरू, सरकारी जमीन पर निर्माण का हवाला देते हुए नोटिस, नोटिस चस्पा कर 3 दिन में मकान खाली करने का आदेश, 20 मुस्लिम और 3 हिंदुओं के मकान पर चलेगा बुलडोजर, अब्दुल हमीद के घर पर चलेगा प्रशासन का बुलडोजर, अब्दुल हमीद रामगोपाल मिश्रा की हत्या का आरोपी है।

**कुशीनगर–** मंदिरों के पुजारियों को प्रतिमाह मिलेगा मानदेय–मंदिरों की सेवा के लिए हर माह मिलेगा 1500 रुपए, साधु संत सेवा योजना के नाम से शुरू हुई योजना, बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से पारित हुई योजना, साधु–संतों ने नगर पालिका के प्रति आभार जताया, कुशीनगर में नगर पालिका परिषद पडरौना का मामला।

**मेरठ–** रेस्टोरेंट में बैठी युवती के गोली लगने का मामला, रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी की फुटेज आई सामने, नाबालिग कर्मचारी से खेल–खेल में दबा पिस्टल का ट्रिगर, पैर में गोली लगते ही जमीन पर गिरी युवती,गंभीर घायल, रेस्टोरेंट संचालक की लापरवाही, टेबल पर रखी पिस्टल, पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक, नाबालिग को हिरासत में लिया संचालक की लाइसेंसी पिस्टल भी की गई जब्त, भाई के साथ रेस्टोरेंट संचालक से मिलने गई थी युवती, थाना पल्लवपुरम क्षेत्र स्थित एक रेस्टोरेंट का मामला।

**महाराष्ट्र–** महाराष्ट्र में आक्रामक चुनाव प्रचार कर रहे अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 12 सीटों की डिमांड कर दी, हम कभी कभी कम सीटों पर संतुष्ट हो जाते हैं अखिलेश।

यदि आप संज्ञान दृष्टि पर कोई विज्ञापन देना चाहते है या किसी अन्य प्रकार के व्यावसायिक अनुबंध के इच्छुक है तो हमे
sangyandristinewspaper@gmail.com
पर ईमेल कर सकते हैं।
व्हाटसएप नम्बर
+91–7080049049

व्हाट्सएप पर सम्पर्क के लिए
70800–49049
95824–49049
Website :
www.sangyannews.com
sangyandrsitinewspaper@gmail.com

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक प्रांजल श्रीवास्तव द्वारा मंजुला आफसेट, काशीनगर, लखीमपुर–खीरी से मुद्रित तथा 132/2 काशीनगर चोपड़ा इंडस्ट्री लखीमपुर–खीरी, उ0प्र0 से प्रकाशित

सम्पादक– प्रांजल श्रीवास्तव

(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)

# केलाखेड़ा मे हुई रामलीला प्रारम्भ




**विशाल अग्रवाल**
**उधम सिंह नगर/केलाखेड़ा (संज्ञान दृष्टि)।** केलाखेड़ा–अनेक प्रयासों के बाद केलाखेड़ा मे रामलीला प्रारम्भ हो गयी। 2019 मे 8 दिन भूख हड़ताल पर बैठे विशेष गुप्ता और अनेको प्रयासों के कारण ही रामलीला को प्रशासन द्वारा केलाखेड़ा पार्क मे जगह देने के बाद रामलीला मंचन शुरू हो पाया। रामलीला का उद्धघाटन केलाखेड़ा के बरिष्ठ व्यक्ति ठेकेदार हरिओम गुप्ता ने फीता काट कर किया। तत्पश्चात मंचन शुरू हो गया मंचन का संचालन बाबा बैअंत सिंह ने किया केलाखेड़ा मे भरतपुर की रामलीला कम्पनी द्वारा की जा रही हैं जिसमे बहुत ही सुन्दर सुन्दर झाकिया और बहुत ही बढ़िया कलाकारी नजर आयी। इस शुभ अवसर पर श्री सनातन रामलीला कमेटी अध्यक्ष अजय कालरा, पूर्व अध्यक्ष विशेष गुप्ता, प्रेस क्लब अध्यक्ष बाबा बेअंत सिंह, जिलाअध्यक्ष (छन्श्र) डी.एल. शर्मा, वरिष्ठ व्यापारी सुभाष अरोरा, राहुल सक्सेना, राहुल शिघानिया, अशोक गगनेजा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र कालरा, असीम छाबड़ा, राजेश चुघ, सरदार परमजीत सिंह, जितेंद्र गुप्ता, सूरज गुप्ता, आनंद गुप्ता, मनोज चंद्रा, बबलू मेहर, सरीफ अंसारी, अंकित गुप्ता, अजय शर्मा (मामा जी), शाकुर राणा आदिलोग प्रमुख रूप सेउपस्तिथ रहे।

# विशेष प्रवर्तन अभियान 20 अक्टूबर से 05 नवम्बर तक

## जिलाधिकारी ने अवैध मदिरा के निर्माण एवं तस्करी पर अंकुश के लिए तहसीलवार टीमें की गठित

**मुकेश शर्मा**
**रायबरेली (संज्ञान दृष्टि)।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की संभावना के दृष्टिगत 20 अक्टूबर से 05 नवम्बर 2024 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाना है। जिसमें अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री तथा तस्करी तथा अवैध अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाए जाने हेतु समस्त तहसीलवार टीमों का गठन किया है।

जिलाधिकारी ने आबकारी, पुलिस एवं राजस्व प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर प्रभावी प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण, तस्करी, परिवहन आदि पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। इस कार्य के लिए प्रत्येक तहसील में उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तथा आबकारी निरीक्षक विशेष रूप से सक्रिय रहेंगे। पूरे जनपद में 6 प्रवर्तन दलों का गठन किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह टीमें पूर्ण निष्ठा एवं गंभीरता से विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त माफियाओंध्तस्करों की सूची के अनुसार उनके विरुद्ध स्थानीय पुलिस के सहयोग से नियमानुसार गैंगस्टर/गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कठोरतम कार्यवाही की जाए तथा उन पर सतत निगरानी की जाए। संदिग्ध वाहनों की सघनता एवं सूक्ष्मता से चेकिंग कराई जाएगी और राष्ट्रीय/राज्य राजमार्ग पर स्थित ढाबों, जहां अल्कोहल के टैंकर प्रायः रूकते है, की भी संघ एवं आकस्मिक जांच कराई जाए। इन टीमों द्वारा जनपद में अवैध मदिरा के संदिग्ध स्थानों/अड्डों पर छापेमारी की कार्यवाही की जाए। आबकारी दुकानों एवं थोक अनुज्ञापनों का निरीक्षण चेकलिस्ट के अनुसार किया जाए। स्टॉक के बारकोड व क्यू0आर0 कोड की सूक्ष्मता एवं सतर्कता पूर्वक स्कैनिंगध्जांच की जाए। देशीधविदेशी मदिराधबियर एवं माडल शाप की फुटकर बिक्री की दुकानों पर ओवर रेट के सम्बन्ध में रैंडम टेस्ट परचेज की कार्यवाही भी की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि असेवित क्षेत्रों तथा ऐसे स्थानों जहां पर मदिरा की दुकानें अवयवस्थित है, अथवा मदिरा की दुकानें वहां से अन्यत्र स्थानांतरित कर दी गई है तो उन क्षेत्रों में मदिरा की अवैध कारोबार की सम्भावना को दृष्टिगत रखते हुए सतर्क निगरानी रखी जाए। अल्कोहल युक्त औषधियों एवं टिंचर का शराब के रूप में दुरुपयोग को रोकने के लिए ड्रग विभाग के सहयोग से ऐसे दुकानों का निरीक्षण कर नमूने आहरित किये जायें और जांच में सब–स्टैण्डर्ड पाये जाने पर उनका अनुज्ञापन निरस्त करने की कार्यवाही ड्रग विभाग द्वारा करायी जाये। जनपद में विशेष सतर्कता बरती जाए एवं नियमित रूप से रोड चेकिंग कराई जाए, जिससे कि किसी भी दशा में अवैध मदिरा की तस्करी न होने पाये।







# जब विधायक पहुंच गए प्राइमरी स्कूल

**सूरज तिवारी**
**अयोध्या,रुदौली (संज्ञान दृष्टि)।** अयोध्या रुदौली विधायक रामचंद्र यादव शुक्रवार को एकाएक प्राथमिक विद्यालय बाजार पुरवा निरीक्षण करने पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने पठन–पाठन व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने विद्यालय में साफ–सफाई व्यवस्था अच्छी न होने पर असंतोष जताया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कपिलेंद्र प्रताप सिंह से शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। साथ ही खण्ड विकास अधिकारी अखिलेश कुमार गुप्त को दूरभाष पर अगले ही दिन शनिवार को सफाई कर्मियों की एक टीम भेज कर साफ–सफाई सुनिश्चित कराने को कहा। इस दौरान विधायक यादव ने यहां अध्यनरत छात्रों से भी बातचीत की। यहां छात्र संख्या 26 मिली। निरीक्षण के वक्त गन्ना समिति गनौली के नवनिर्वाचित चेयरमैन निर्मल शर्मा व प्रधान अर्जुन यादव भी मौजूद रहे।




# विधानसभेत जागेचा तिढा सुटला परंतु प्रतीक्षा उमेदवारांच्या घोषणेची

**सय्यद मुदस्सीर**
**यवतमाळ (संज्ञान दृष्टी)।** यवतमाळ उमरखेड महागाव विधानसभा मतदारसंघ हा महाविकास आघाडीमध्ये काँग्रेसच्या वाट्याला तर महायुतीमध्ये भाजपाला सुटला खरा परंतु दोन्ही पक्षाची उमेदवाराची नावे अद्याप गुलदस्ता असल्याने कोणाला उमेदवारी मिळेल याची जनतेला उत्सुकता लागली आहे.



उमरखेड विधानसभा मतदारसंघाची काँग्रेसची जागा आपणाला मिळावी म्हणून नव्या उमेदीने मतदारसंघात जोमात कार्य असणारे साहेबराव कांबळे मुंबई, दिल्ली दरबारी तळ ठोकून बसले आहेत. त्यांनाच काँग्रेस पक्षाची हमखास उमेदवारी मिळणार असल्याची मतदारसंघात जोरदार चर्चा सुरू आहे. काँग्रेस पक्षाचे माजी आमदार राहिलेले विजयराव खडसे आणि साहेबराव कांबळे यांच्यात उमेदवारीसाठी काट्याची लढत सुरू आहे. सध्या तरी दोघांच्याही उमेदवारीचा तिढा अद्याप गोपनीय आहे. मतदार संघातील जनतेला आता बदल हवा असल्याचे बोलले जाते. काँग्रेस पक्षाकडून उमेदवारीसाठी प्रबळ दावेदार म्हणून साहेबराव कांबळे हे ठरत असले तरीही प्रत्यक्षात मात्र त्यांना उमेदवारी मिळू नये यासाठी काँग्रेस पक्षातील दुसऱ्या गटाचे पदाधिकारी सक्रिय झाल्याचे दिसते. परंतु या सर्व प्रकाराला पाठीमागे सारत साहेबराव कांबळे हे उमेदवारी मिळविण्यात यशस्वी होतील असे जनतेतून वर्तविण्यात येत आहे. खडसे हे पण उमेदवारी मिळविण्यासाठी जीवाचे रान करीत आहेत परंतु प्रत्यक्षात पक्षातीलच काही धुरंदर नेते त्यांच्या उमेदवारीच्या आड येत आहेत. महागाव तालुक्याचे भूमिपुत्र भारतीय जनता पक्षाचे माजी आमदार राजेंद्र नजरधने यांची उमेदवारी जवळपास निश्चित झाल्याचे खात्रीलायक माहिती आहे. येत्या दोन दिवसात उमेदवारीचा तिढा सुटणार असून काँग्रेसच्या उमेदवारीसाठी प्रबळ दावेदार असलेल्या साहेबराव कांबळे यांना निश्चितच उमेदवारी मिळेल याच शंकाच नाही.

# स्वामी विवेकानंद क्रीड़ा समिति 20 अक्टूबर को करायेगी जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

**स्पर्श सिन्हा**
**लखीमपुर खीरी (संज्ञान दृष्टि)।** स्वामी विवेकानंद क्रीड़ा समिति लखीमपुर खीरी द्वारा जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का धर्म सभा इंटर कॉलेज में आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में जिले की कई विद्यालयों और क्लबों की टीमें प्रतिभाग करेंगी।



प्रतियोगिता के आयोजन से पूर्व आज कार्यक्रम स्थल पर भूमि पूजन का कार्यक्रम किया गया। भूमि पूजन आचार्य अनूप मिश्रा जी द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान डॉ. डी.एन. मालपानी, आशीष श्रीवास्तव, अमित गुप्ता, मयंक गुप्ता आदि उपस्थित रहे। टीमों को कार्यक्रम स्थल पर प्रातः 9:00 बजे पहुंचने के लिए कहा गया है, कार्यक्रम का उद्घाटन 10:00 बजे, खेल सत्र 11 से 2 तथा समापन 2:00 बजे किया जाएगा।

# गुरुआ थाना अध्यक्ष सरफराज इमाम को गया एसएसपी ने किया पुरस्कृत

**रंजीत कुमार (संवाददाता)**
**गुरुआ (संज्ञान दृष्टि)।** थाना अध्यक्ष पु०नि० सरफराज इमाम को नवादा मुफ्फसिल थाना कांड सं0–199ध्23 में चार अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा 400 बोरा चावल लदे पिकअप वैन के लूट मामले में वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर कांड का सफल उभेदन करते हुए लुटी गई 200 बोरा चावल सहित पिकअप वैन की बरामदगी तथा संलिप्त छः अपराधकर्मियों एक देशी पिस्टल एवं दो जिंदा कारतुस के साथ गिरफ्तारी में उल्लेखनीय कार्य के लिए नवादा जिला बल के पु०नि० मो० सरफराज ईमाम को बिहार पुलिस वार्षिक पारितोषिक समारोह के अवसर पर सात हजार पाँच सौ) रू० की राशि से पुरस्कृत किया है



# ग्राम चौपालों में 04 लाख 21 हजार से अधिक समस्याओं/प्रकरणों का किया गया निस्तारण

## अब तक 01 लाख 05 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का किया गया आयोजन शुक्रवार को 1292 ग्राम पंचायतों में किया गया, ग्राम चौपालों का आयोजन

**गौरव यादव**
**लखनऊ (संज्ञान दृष्टि)।** उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल,(गांव की समस्या–गांव में समाधान)का आयोजन किया जा रहा है, और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।

उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1292ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 3594 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। इन ग्राम चौपालों मे 3331ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 5913 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 75 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। ग्राम्य विकास आयुक्त श्री जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक 01 लाख 05 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है। जिनमें 73 लाख 93 हजार से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे और 04 लाख 21 हजार से अधिक समस्याओंध्प्रकरणों का निस्तारण किया गया।





उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति
(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)
मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ–226008
वेबसाइटः hajcommittee.up.gov.in ; ई–मेल : hajcommittee.up@gmail.com
पत्रांक : जी–।।/461/एस.एच.सी/2024 दिनांक : 19/10/2024
–: प्रेस विज्ञप्ति :–
मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ पर उ0प्र0 राज्य हज समिति के नवस्थापित कार्यालय का उद्घाटन मा0 अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य हज समिति एवं सदस्य, हज कमेटी, भारत सरकार श्री मोहसिन रज़ा जी द्वारा दिनांक 19 अक्टूबर, 2024 दिन शनिवार को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उ0प्र0 राज्य हज समिति के सचिव/कार्यपालक अधिकारी श्री एस0पी0 तिवारी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।
भवदीय,
सचिव/कार्यपालक अधिकारी
उ0प्र0 राज्य हज समिति

# अखेर त्या वादग्रस्त बिट जमादाराची बिट मधुन उचल बांगडी

## प्रतीक पाटील यांच्या प्रयत्नाला आले यश

**सय्यद मुदस्सीर**
**यवतमाळ (संज्ञान दृष्टी)।** यवतमाळ महागाव अवैध धंद्यांना खत पाणी घालणाऱ्या बिट जमादारांची बिट काढून घेत त्यांची बदली करण्याचा निर्णय ठाणेदारांनी घेतला आहे. महागाव शहरातील परवाना धारक दारू दुकानातून शहरातील काही अवैध दारू विक्रेत्यांना दारूचा पुरवठा करून त्यांच्या करवी अवैध दारू विक्री मोठ्या प्रमाणात होत असल्याने शाळकरी,

कॉलेजवयिन विद्यार्थी,युवक तसेच नागरिक या अवैध दारूच्या आहारी जावून व्यसनाधीन बनत आहेत त्यामुळे या दारुड्यांचा शहरात मोठा उच्छाद माजला असुन यावर कारवाई करण्याची जबाबदारी असलेले बिट जमादार मुन्ना शुक्ला मात्र या अवैध दारू विक्रेत्यांकडून दरमहा खावटी वसूल केल्यासारखी रक्कम गोळा करून आपली तिजोरी भरीत असल्याने कायदा व सुव्यवस्थेची ऐसी तैसी झाली त्यामुळे सामाजिक कार्यकर्ते प्रतीक नरवाडे यांनी या अवैध दारू विक्रीला खतपाणी घालून हा धंदा जोमात सुरू करण्यासाठी पाठबळ देणाऱ्या बिट जमादार शुक्लावर कारवाइ करण्याची मागणी थेट जिल्हा पोलीस अधिक्षक यांच्याकडे केली होती त्याची दखल घेत महागावचे ठाणेदार धनराज निळे यांनी या वादग्रस्त बिट जमादाराची बिट मधुन उचल बांगडी करून दुसरीकडे त्यांची बदली केली आहे. त्यांच्या या धाडसी निर्णयाचे शहर वासियांना प्रतीक नरवाडे यांचे अभिनंदन केले आहे

